जल संसाधन Important Questions Class 10 Social Science (Geography) Chapter 3 in Hindi

Chapter 3 जल संसाधन

अति लघु उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

प्रश्न 1 विश्व में कुल जल के आयतन का मनुष्य के उपयोग के लायक कितना जल है ?

उत्तर: 2.5 प्रतिशत

प्रश्न 2 भारत का कौन सा राज्य है जहाँ छत वर्षा जल संग्रहण ढाँचों का निर्माण आवश्यक कर दिया गया है ?

उत्तर: तमिलनाडु

प्रश्न 3 स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में बहुउद्देशीय परियोजनाओं को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

उत्तर:

- कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास
- औद्योगीकरण में तेजी
- शहरी अर्थव्यवस्था का विकास

प्रश्न 4 'गुल' अथवा 'कुल' क्या है ?

उत्तर: पश्चिमी हिमाचल में पर्वतीय क्षेत्रों में वाहिकाओं को 'गुल' अथवा 'कुल' कहते हैं।

प्रश्न 5 'खादीन' और 'जोहड़' क्या हैं ?

उत्तर: शुष्क तथा अर्धशुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल को एकत्र करने के लिए बनाए गड्ढे।

प्रश्न 6 भारत के ऐसे क्षेत्र का उदाहरण दें जहाँ पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है फिर भी जल की कमी है ?

उत्तर: मेघालय की राजधानी शिलांग।

प्रश्न 7 राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण को क्या कहा जाता है ?

उत्तर: टाँका

प्रश्न 8 जल दुर्लभता के दो कारण लिखो।

उत्तर:

- बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती आवश्यकताएँ
- जल का असमान वितरण

प्रश्न 9 टिहरी बाँध परियोजना किस राज्य में तथा किस नदी पर स्थित है ?

उत्तर: उत्तराखंड में भागीरथी नदी पर

प्रश्न 10 सलाल परियोजना किस नदी पर तथा किस राज्य में निर्मित है ?

उत्तर: जम्मू व कश्मीर में चेनाव नदी पर

लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (3/5 अंक वाले प्रश्न)

प्रश्न 1 वर्षा जल संग्रहण क्या है ? भारत के विभिन्न भागों में वर्षा जल संग्रहण की दो विधियाँ लिखो।

उत्तर:

- एक तकनीक जिसमें वर्षा जल को खाली स्थानों, घरों में टैंक में, बेकार पड़े कुएँ में भरा जाता है। बाद में इसका प्रयोग किया जाता है।
- पर्वतीय क्षेत्रों में 'गुल' तथा 'कुल' जैसी वाहिकाओं से नदी की धारा का रास्ता बदलकर खेतों की सिचाई।
- राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए छत वर्षा जल संग्रहण आम तकनीक है।
- पश्चिम बंगाल में बाढ़ के दौरान बाढ़ जल वाहिकाएँ बनाते हैं।
- शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल एकत्रित करने के लिए गड्ढ़ों का निर्माण।

प्रश्न 2 बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना क्या है ? बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के लक्ष्य/उद्देश्य बताएँ।

उत्तर: नदी पर बाँध बनाकर इससे अनेक प्रकार के उद्देश्यों को पूरा करना, बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना कहलाता है।

उद्देश्य

- जल विद्युत उत्पादन
- सिंचाई
- घरेलू व औद्योगिक जल आपूर्ति
- नौचालन व पर्यटन
- बाढ़ नियंत्रण
- मछली पालन

प्रश्न 3 बेकार पड़े कुएँ का वर्षा के जल के द्वारा पुनः भरण कैसे किया जाता है ?

उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

- पी.वी.सी. पाइप का प्रयोग करके छत पर वर्षा जल एकत्र किया जाता है।
- रेल व ईंट प्रयुक्त करके जल का छनन किया जाता है।
- भूमिगत पाइप द्वारा जल हौज तक ले जाया जाता है, जहाँ से तुरंत प्रयोग किया जाता है।
- इसी हौज से अतिरिक्त जल कुएँ तक ले जाया जाता है।
- कुएँ का जल भूमिगत जल का पुनर्भरण करता है।
- बाद में इस जल का प्रयोग पीने के अलावा अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है।

प्रश्न 4 औद्योगीकरण तथा शहरीकरण किस प्रकार जलदुर्लभता के लिए उत्तरदायी हैं ?

उत्तर:

- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में तेजी से औद्योगीकरण
- उद्योगों की बढ़ती संख्या के कारण अलवणीय जल का अत्यधिक प्रयोग।
- शहर की बढ़ती आबादी तथा शहरी जीवन शैली के कारण जल ऊर्जा की आवश्यकता में तीव्र वृद्धि।
- शहरों तथा गाँवों में जल संसाधनों का अतिशोषण।

प्रश्न 5 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' पर टिप्पणी लिखो।

उत्तर:

- नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध निर्माण के विरोध में था।
- आंदोलन गैर सरकारी संगठन (NGO) द्वारा संचालित
- जनजातीय लोगों, किसानों, पर्यावरणविदों व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का सरदार सरोवर परियोजना के विरोध में लामबंद होना।
- आरंभ में यह आंदोलन जंगलों के बाँध के पानी में डूबने के मुद्दे पर केंद्रित।
- बाद में इसका लक्ष्य विस्थापितों का पुनर्वास करना हो गया।

प्रश्न 6 एक नवीकरणीय संसाधन होते हुए भी जल के संरक्षण तथा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है ?

उत्तर:

- विश्व में केवल 2.5 प्रतिशत ही ताजा जल है।
- जल संसधनों का अति दोहन।
- बढ़ती जनसंख्या, अधिक मांग और असमान पहुँच।
- बढ़ता शहरी करण
- औद्योगीकीकरण

प्रश्न 7 परंपरागत वर्षा जल संग्रहण की किन पद्धतियों को आधुनिक समय में अपनाकर जल दुर्लभता की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है ?

उत्तर:

- छत वर्षा जल संग्रहण
- 'गुल' अथवा 'कुल'

- बाढ़ जल वाहिकाएँ
- गड्ढे बनाकर
- खादीन
- टैंक अथवा टाँका
- बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली।

बाँधों से अनेक लाभ हैं। ये विकास में योगदान करते हैं इसलिए नेहरू जी ने इन्हें आधुनिक भारत के मंदिर कहा था।

प्रश्न 8 जवाहर लाल नेहरू ने 'बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर' क्यों कहा है ? बाँधों से होने वाले लाभों की सूची बनाइए।

उत्तर: बाँधों से लाभ :

- सिंचाई
- विद्युत उत्पादन
- घरेलू तथा औद्योगिक आवश्यकता हेतु जल आपूर्ति
- बाढ़ नियंत्रण
- मनोरंजन तथा पर्यटन
- मत्स्य पालन।

प्रश्न 9 हमारे देश में जल का अभाव दिन प्रतिदिन क्यों बढ़ता जा रहा है ? कारणों की सूची तैयार करें।

उत्तर:

- भारत मानसूनी जलवायु का देश। कई बार मानसून असफल होने से जल की कमी बढ़ रही है।
- सिंचाई के जल की मांग में तीव्र वृद्धि।
- औद्योगिक क्रियाओं के कारण भूमिगत जल स्तर का गिरना।
- शहरीकरण की गति में वृद्धि के कारण जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव।
- बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के कारण।

प्रश्न 10. "कहा जाता है कि यदि तीसरा महायुद्ध हुआ तो पानी की कमी के करण होगा।" इस संदर्भ में जलाभाव/जलदुर्लभता के प्रमुख कारण लिखिए।

अथवा

इस बात को ध्यान में रखते हुए दुनिया में जल की कमी के लिए उत्तरदायी करणों को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

- वनोन्मूलन
- महानगर
- बढ़ती जनसंख्या
- बढ़ता शहरीकरण

https://www.evidyarthi.in/

- औद्योगीकरण
- कृषि में उपयोग
- जल का दुरूपयोग (अति उपयोग)
- प्रदूषण
- भू-जल का गिरता स्तर
- मानसून की अनिश्चितता, पीने योग्य न्यून जल, जलाभाव, जल का असमान वितरण। केपटाउन (अफ्रीका) का उदाहरण चूंकि जल जीवन की एक परम आवश्यकता है।

प्रश्न 11. हाल के वर्षों में बड़े बाँधों के विरोध के प्रमुख कारण बताइए।

उत्तरः

- अति मृदा जमाव
- जल भराव
- मृदा अपरदन
- अचानक बाढ़ आना
- बड़े पैमाने पर वनोन्मूलन
- वन्य जीवों/प्रजातियों का लुप्त होना।
- समुदायों का प्रवसन
- जन जातियों का जीविकोपार्जन समाप्त होना
- अति वर्षा में बांधों से पानी का छोड़ना स्थिति को अधिक बिगाड़ देता है।
- बांधों से भूकंप, जल प्रदत्त रोग और प्रदूषण जैसी स्थितियाँ भी पैदा होती हैं। क्योंकि जल का अत्याधिक उपयोग होता है।